आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01.10.2025 समय : 02.10 pm

## पीएम-आरएसएस शताब्दी समारोह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आर.एस.एस. के शताब्दी समारोह में भाग लिया। शताब्दी समारोह आर.एस.एस. की विरासत, संघ के सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में संघ की भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया इस अवसर पर श्री मोदी ने एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

## सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने भारत की अध्यक्षता में जी 20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाया, ग्लोबल साउथ विकासशील और अल्पविकसित देशों की आवाज मुखर की और भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत किया।

## महानवमी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रार्थना की, कि यह पर्व सभी के जीवन में सौभाग्य, समृद्धि और सफलता लाए। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मां सिद्धिदात्री से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर में महानवमी पर विशेष अनुष्ठान और कन्या भोज का आयोजन हुआ ।

## मौसम

प्रदेश में मानसून की विदाई के बीच हल्की बारिश का सिलसिला जारी है और अगले चार दिन तक मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है। अब तक 12 जिलों से मानसून विदा हो चुका है और 10 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश से लौट जाएगा।

## समाचार संक्षेप

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ करेंगे।
- दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेलवे छह स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इनमें जबलपुर-अनंद विहार, जबलपुर-दानापुर, रीवा-हड़पसर और रानी कमलापति-दानापुर ट्रेन शामिल हैं।

.................................